अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत

उद्यमिता विकास हेतु कुक्कुट पालन

पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

संयुक्त निदेशालय प्रसार शिक्षा, भारतीय पशु चिक्तिसा अनुसन्धान संस्थान इज्ज़तनगर द्वारा अनुसूचित जाति उप -योजना के अंतर्गत दिनांक 3 से 7 अगस्त, 2026 तक पाँच **उद्यमिता विकास हेतु कुक्कुट पालन** विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता डॉ रुपसी तिवारी, संयुक्त निदेशक, प्रसार शिक्षा ने की । उन्होंने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी कुक्कुट पालन अवश्य आरम्भ करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संस्थान के वैज्ञानिकों से बात करके उसका निराकरण करायें । आपने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि कुक्कुट पालन से अल्प आय वाला किसान या कृषक महिला भी आजीविका अर्जित कर सकती है, जहां एक ओर पशुपालन में खर्चा अधिक आता है वही कुक्कुट पालन बहुत कम खर्च में किया जा सकता है । इस अवसर पर डॉ हंस राम मीना, प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, प्रसार शिक्षा विभाग ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहबर्धन किया और बताया कि किसी भी कार्य को करने के लिये लगन एवं रुचि अति आवश्यक है जिससे कि कार्य को और गुणवत्तापूर्वक सम्पन्न किया जा सकता है । संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण समंवयक डॉ राम सिंह सुमन ने सभी कृषकों से कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर इस व्यवसाय को अवश्य आरंभ करें एवं संस्थान से कुक्कुट पालन सबंधी समस्या के समाधान की जानकारी प्राप्त करें। इस अवसर पर उपस्थित कृषकों से आग्रह किया कि संस्थान में कुक्कुट पालन से संबंधित सभी वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध है जो भी कुक्कुट पालन प्रारंभ करेगा, उसको यहां से सदैव मदद प्रदान की जाएगी । इस प्रशिक्षण में बरेली जनपद के 07 पुरुष एवं 18 महिला किसानों ने भाग लिया । इस अवसर पर डॉ मदन सिंह, वैज्ञानिक एवं डॉ श्रुति, वैज्ञानिक भी उपस्थिति रहीं । कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.एस. सुमन, प्रधान वैज्ञानिक, प्रसार शिक्षा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।